डायरेक्ट और इनडायरेक्ट 58 हजार लेबरर इस से लाभान्वित होंगे, फिर भी बहुत सी ऐसी खानें हैं जो इस एक्ट के अन्तर्गत नहीं आती, उन को भी लाभ पहुचें। फिर अनआर्गनाइज्ड लेबर है, उन के लिए कोई एक्ट नहीं है। इस लिए हम सरकार से आग्रह करेंगे कि आप एक नेशनल वेज पालिसी कायम कर दें ताकि आठ घंटे काम करने वाले किसी भी मजदूर को इतनी मजदूरी मिलनी चाहिए मिनिमम वेज के आधार पर ताकि वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। जो इन मजदूरों

[श्री राम भगत पासवान]

के लिए मांग की गयी है वह सभी के लिए हो इस के लिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं । और इन्हीं शब्दों के साथ आप के प्रति आभार प्रकट करता हुआ अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री प्यारेलाल खंडेलवाल: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जहां तक इस विधेयक का सवाल है, मैं इसकी भावना का समर्थन करता हूं । लेकिन इसी के साथ साथ चूना पत्थर और डोलामाइट की खानों में काम करने वाले श्रमिकों की जो समस्याएं हैं उन की ओर मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। अभी भी ऐसे कई स्थान हैं जहां पर चूना पत्थर और डोलामाइट की खदानों में मजदूर काम करते हैं, लेकिन उन के कल्याण के लिए सब प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश का झाबुआ जिला, जहां डोलामाइट की खदानों में काम अभी-अभी शुरू हुआ है और मुझे अच्छी तरह मालूम है कि वहां पर मजदूरी के लिए जो साधारण सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए वह भी नहीं है, न मकान का सवाल है, न पीने के पानी का सवाल है, न प्रकाश का सवाल है। सैकड़ों मजदूर खुले आसमान के नीचे रहते हैं। उन की महिलाएं दो-दो, तीन-तीन किलोमीटर से पानी भर कर लाती हैं। सफाई-स्वच्छता का तो सवाल ही नहीं है। न दवाई का इन्तजाम है, न अस्पताल है । मिनिमम वेज भी प्राप्त होती है या नहीं यह भी कोई देखने वाला नहीं है। आप यह बिल लाये हैं, संशोधन लाये, बहुत अच्छी बात है, लेकिन इस विधेयक के अन्तर्गत यह देखा जाना चाहिए कि जहां जहां पर डोलामाइट की खदानें हैं, चूना पत्थर की खदानें हैं और ठेके के आधार पर जो मजदूर काम करते हैं ठेकेदारों के यहां क्या उनको यह सुविधाएं उपलब्ध होती हैं या नहीं ।

दूसरी बात। जहां-जहां पूर्व में यह कानून काम कर रहा है, पहले से जहां डोलामाइट की खदानें हैं, चूना पत्थर की खदानें हैं वहां भी मजदूरों के लिए कुछ ही मकान हैं, सब श्रमिकों के लिए अभी भी मकान नहीं हैं। पीने का पानी अपर्याप्त है, अशुद्ध है। अभी कोयला खान की चर्चा हुई थी, झा साहब ने की थी । कोयला खदान इतना बड़ा उद्योग होने के बावजूद, लाखों की संख्या में जहां मजदूर काम करते हैं, वहां भी आज शुद्ध पानी मिलना सम्भव नहीं है। यही हाल चूना पत्थर और डोलामाइट की खदानों के क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों का है । वहां पानी की पूरी सुविधा नहीं है । शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था नहीं है । इस लिए पानी का कोई इंतजाम वहां है या नहीं इस को देखा जाना चाहिए।

आप ने श्रमिकों के कल्याण के लिए यह सेस लगाया है। वह कम है। लेकिन देखा जाना चाहिए कि जो पैसा इक्ट्ठा हुआ है वह क्या बैंक में ही जमा है या सरकार ने उस को अपने पास जमा कर रखा है या श्रमिकों के कल्याण पर भी वह खर्च हो रहा है। ऐसे कई उदाहरण सामने आयें हैं कि जहां पैसा इक्ट्ठा किया गया है। श्रमिकों के कलयाण के नाम पर अभी भी वह पैसा जमा किया हुआ है और उन के कल्याण के लिए खर्च नहीं हो रहा है। उन के बच्चों की पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है, उन के स्कूलों का कोई इंतजाम नहीं है, उन के रहने के लिए मकान नहीं है, उन के लिए प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है, उन की महिलाओं के लिए मैटरनिटी होम का कोई इंतजाम नहीं, उन के लिए दवांइयों की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। आप के अस्पताल हैं लेकिन उन में औषधियों नहीं हैं, दवाइयां नहीं हैं। वे लोग क्षय रोग से पीड़ित हो जाते हैं। चूना पत्थर और डोलामाइट की खदानों में काम करने वाले श्रमिक सब से पहले क्षय रोग से पीड़ित होते हैं। उन को सब से पहले टी. बी. का रोग होता है । लेकिन उन को टी. बी. की दवाई समय पर उपलब्ध नहीं होती। उन को डाक्टर समय पर उपलब्ध नहीं होता। पिछली बार मैंने कहा था कि सरगुजा की खदानों के लिए डाक्टर चाहिए तो बताया गया था कि वहां के लिए स्पेशलिस्ट डाक्टर की नियुक्ति की गयी है। लेकिन स्पेशलिस्ट डाक्टर की नियुक्ति

होने के बाद भी आज तक वहां कोई डाक्टर पहुंचा नहीं । इस तरह की अव्यवस्था कई बार कई जगहों पर देखने को मिलती है इस लिए मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि इन अव्यवस्थाओं को दूर करने के बारे में वे विचार करें और वह कोई नीति बना कर, नियम बना कर उन का कड़ाई से पालन करायें ।

फिर इसी प्रकार इन खदानों में काम करने वाले अधिकांश लोग या तो आदिवासी हैं या गरीब तबके के लोग हैं। वह दूर दूर से आते हैं । या तो वह अपनी झोंपड़ी बना कर वहां रह जाते हैं और सारी गंदगी जिस को स्लम कहते हैं वहीं पैदा होनी शुरू हो जाती है, वहीं डवलप होने लगती है । अगर स्लम एरिया आप के वहां डवलप नहीं करना है तो या तो आप उनको पक्के मकान बना कर दीजिए या फिर वह व्हां से दूर रहें और उन को वहां तक लाने का आप कोई इंतजाम करें। अभी तक तो मेरी जानकारी में ऐसा नहीं है कि इन श्रमिकों के बच्चों को स्कूल तक ले जाने की भी कहीं कोई व्यवस्था की गयी हो या मजदूरों को वहां से खदानों तक आने के लिए कोई किसी प्रकार का इंतजाम किया गया हो। इस की कोई व्यवस्था नहीं है और एक बात की ओर मैं और ध्यान दिलाना चाहता हूं माननीय मंत्री जी का कि जहां जहां पर इन खदानों का क्षेत्र है, वे चाहे किसी भी प्रकार की खदानें हों वहां पर असमाजिक तत्वों का जमघट होने लगता है और शराब की दुकानें इस के लिए सब से ज्यादा जिम्मेदार हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री जी सरकार द्वारा कोई ऐसी नीति बनाने की कोशिश करेंगे कि ऐसे क्षेत्रों में शराब की दुकानें या तो बिल्कुल ही न खोली जाएं और अगर उन को खोलना आप को जरूरी मालूम पड़ता हो तो उस की कोई सीमा निर्धारित की जाय क्योंकि एक तो श्रमिकों को वैसे ही पैसा कम मिलता है और दूसरे शराब की दुकान पास होने से वे उसे पी कर पैसा बर्बाद करते हैं और उस से उसका सारा परिवार उजड़ जाता है। तो मेरा आग्रह है कि इस संबंध में देखा जाना चाहिए कि ऐसी खदानों के क्षेत्रों में इस संबंध में कोई सीमा लगायी जाय और इसके लिए सरकार को विचार करना चाहिए।

फिर आप ने कल्याण आयुक्त नियुक्त किया है । वैलफेयर इन्सपेक्टर की जगह वैलफेयर कमिश्नर आप नियुक्त करने जा रहे हैं, या दोनों ही नियुक्त करने जा रहे हैं। सवाल यह है कि वेलफेयर जो होगा वह मजदूर का होगा या उस अफसर का होगा। अभी तक तो स्थिति यह है कि वेलफेयर मजदूर का कम और अफसर का ज्यादा होता है। मैं आप के माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि इस बारे में सरकार विचार करे कि सही मायनों में कल्याण श्रमिकों का होना चाहिए, मजदूरों का होना चाहिए। अगर श्रमिकों का कल्याण नहीं होना है तो आप यह कल्याण निधि क्यों लेने जा रहे हैं। यह तो ढोंग होगा। अफसरों की सुखसुविधा के लिए जो पैसा खर्च होता है वह तो श्रमिकों का कल्याण नहीं है, मजदूरों का कल्याण नहीं है। और अगर किसी ने ऐसा किया है तो उस पर कार्यवाही की जानी चाहिए और अभी तक जिन जिन लोगों ने ऐसा किया है मैं जानना चाहता हूं कि क्या उन पर कार्यवाही की जायेगी ? कई बार यह शिकायत हुई है कि श्रमिक कल्याण निधि का पैसा अफसरों की शान शौकत पर खर्च कर दिया गया, उन के रहन सहन पर खर्च कर दिया गया, उन के मकान बनाने के लिए या मकान में साधन जुटाने के लिए खर्च किया गया और उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। यह कोयला खदानों में देखा जा सकता है। इस लिए मैं कहना चाहता हूं कि इस संबंध में आप निश्चित रूप से कोई कार्यवाही के लिए कड़ाई से निर्देश दें और श्रमिकों के लिए इकट्ठा किया गया कल्याण निधि का पैसा उन पर ही उनके कल्याण के लिए ही खर्च होना चाहिए और वह किसी भी हालत में इकटठा होने के बाद संग्रह कर के न रखा जाए और वह उन के कल्याण के लिये ही खर्च होता जाय इस की योजना आप बनायें। ठेकेदारी पर काम करने वाले मजदूरों की भी समस्या है । उसके सम्बन्ध में भी आपको ध्यान देना होगा कि उनका शोषण न हो ।

[श्री प्यारेलाल खण्डेलवाल]

आखिरी बात मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि आपने जो सलाहकार समिति बनाई है, बहुत से सदस्यों ने उनका स्वागत किया है। लेकिन मैं नहीं जानता कि सलाहकार समिति में मजदूरों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है तो वह क्यों नहीं रखा गया है। क्या वह नजर अन्दाज हो गया है या जान-बूझकर मजदूर प्रतिनिधि को सलाहकार समिति में न रखने का सरकार ने फैसला किया है। यह उपेक्षा क्यों हुई, इसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि मजदूरों के प्रतिनिधित्व को भी समिति में रखना जरूरी है क्योंकि मजदूरों की समस्या और कोई नहीं बता सकता जितना मजदूर बतायेगा। इसलिए उस सलाहकार समिति में मजदूरों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए, यह मेरी मांग है।

इन सारे सुझावों के साथ सरकार इनको अपने विधेयक में सम्मिलित करे, ऐसा निवेदन कर मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री रामनरेश कुशवाहा (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि श्रमिकों के निचले तबके या अगर श्रमिकों में शूद्र कह लीजिए, उनकी तरफ इनका ध्यान पहली बार गया है। यही वह श्रमिक हैं जिनकी तरफ अधिक से अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनका अधिक से अधिक कल्याण करने की जरूरत है। उनको अधिक से अधिक सुविधाएं देने की जरूरत है।

अभी हमारे मित्र ने कहा कि यह अफसर कल्याण न होकर रह जाए। मैं इससे शत प्रतिशत सहमत हूं क्योंकि हमारे यहां सारा काम उल्टा होता है। माननीय के. एल. राव थे सिंचाई मंत्री। वह रूस गये थे। लौटकर उन्होंने एक बयान दिया कि रूस में जब बिजली का प्लांट लगाते हैं तो सबसे पहले प्लान्ट लगाया जाता है। अफसरों के रहने का जब इंतजाम किया जाता है तो लकड़ी के खम्बे लगाकर बिजली लगाई जाती है। और जब आमदनी होने लगती है तो लोहे के खम्बे लगते हैं और बंगला बनता है। हमारी सरकार ठीक उल्टा करती है। सबसे पहले अफसरों के लिए बिल्डिंग बनती है, लोहे के खम्बे लगते हैं, अन्त में लोहे या लकड़ी के खम्बे खड़े करके मशीनें लगाई जाती हैं। तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि क्या वही योजना इसमें भी है कि अफसरों की सुविधायें पहले की जाएं और उनके साज-सज्जा का सारा इन्तजाम पहले किया जाए, उसके साधन जुटाएं जाएं, बाकी जो बचा उस रूखे सूखे को इन मजदूरों को दिया जाए। तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपकी जो आदतें बिगड़ी हुई हैं, इनमें भी उल्टा मत कीजिए।

दूसरी बात, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आपने बहुत से नाम गिना दिए हैं, लेकिन इसमें कोई सिलिका सैंड का भी नाम है? महोदय, सन् 1972 में यह एक्ट बना और उस समय या आज भी इस शासन का साफ्ट कार्नर है इलाहाबाद के सिलिका सैंड के खान के मालिक की तरफ। वह सिलिका सैंड की खान सरकार की होनी चाहिए थी, पता नहीं वह किसके हाथ में है। लेकिन जब यह एक्ट बना था तो उस खान का मालिक व्यक्तिगत राजा साहब थे, उसका प्रभाव केन्द्र सरकार में है, और उत्तर प्रदेश की सरकार तो उसकी है ही, तो सिलिका सैंड को न तो सरकार ने हाथ में लिया और न इस सिलिका सैंड का नाम इसमें है। पता नहीं मंत्री जी को याद है या नहीं, या कोई टेक्निकल नाम है इसमें। कृपया इसका स्पष्टीकरण करें क्योंकि जब माननीय मंत्री जी यह बिल लाए हैं तो उनका जिला भी है और संयोगवश विषय भी उनका है। मैं जानना चाहता हूं कि वह सिलिका सैंड की खान किसके हाथ में है। अगर किसी के भी हाथ में हो तो उसके मजदूरों को इसमें शामिल क्यों नहीं किया गया है। अगर उन मजदूरों को इसमें शामिल नहीं करते हैं तो हमको लगता है कि आप गड़बड़ कर रहे हैं या अन्याय कर रहे हैं और या तो आप उस जीव के डर से या सरकार के डर से

किसी की मोहब्बत से इसको छोड़ रहे हैं। मान्यवर, मैं चाहता हूं कि आपका जो बालू, डोलोमाइट और दूसरी किस्म की खानें हैं उसमें सिलिका सेंड को भी जोड़ दीजिए। उसको अगर अभी तक नहीं जोड़ा है, उसको हाथ में ले लीजिए, क्यों उसको छोड़ रखा है। और श्रमिकों के कल्याण के लिए जो करना चाहें करें, अधिक से अधिक करें। इन चंद शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE (Maharashtra) : The Bill which has been brought in the House today, Mr. Vice-Chairman, Sir, does not really go a long way to solve the problem of labour welfare. Sir, even after so many years of the implementation of labour policy, Government has not framed any guidelines or any welfare policy with regard to the welfare of workers. Sir, it is contemplated that the welfare will include medical care, housing, education, water supply and recreation. As regards recreation, it is said that in our country sports has got the lowest priority in planning and four paise per head is spent in our country on promotion of sports. That is the finding of all India Council of Sports. What is the Government policy in this matter? Are they having any planning for the welfare of all workers or just to collect some cess and give them some benefits of housing facilities? And what is the housing facility? Workers are demanding that they should be able to own houses. Has the Welfare Department taken any steps? Industrial workers all over the country want that Government should build, and workers own houses and not live in rented premises after they retire. If they have a plan for the workers to own houses, money will come back and we can build more houses, Sir, in that context we have miserably failed. In this conection, I would like to know from the Minister what is the number of workers. Figures have been given that 56000 workers were already covered by limestone and dolomite and about 5000 more workers will come up. Thus the figure will be about 60,000 to 61,000 workers. They do not have a programme for housing. Secondly, what are the educational facilities contemplated for them? Is it for their educational scholarships or providing schools? We are planning that villages must have drinking water facilities and there is a definite plan of achievement per year. But so far as the mining workers are concerned, the Welfare Department has no planning at all for the workers, so far as the drinking water facilities are concerned. Unless you have got a policy and decide about a programme, you will not be able to raise resources. Unless you know what expenditure is required in the next five years of the Plan in which every worker should own a house and having drinking water facilities, you cannot decide what should be the cess. Even though the provision is there for one rupee charge you can have on a metric tonne, up till now 20 paise you are charging. Why was it not raised to Re. 1 earlier ? How will you raise the resources? Just as in the case of Provident Fund where the employers are required to give their contribution, why do they not give equal contribution to the welfare fund of the workers ? But cess is such that it has a low priority. With 20 paise, Mr. Minister, do you expect that you can have labour welfare ? And what are the ruling prices of the minerals ? In 1971, the price was Rs. 114, and in 1981 it was Rs. 1216—the prices have gone up by ten times. So far as the welfare amount is concerned, you have not made it even five times. One rupee is a very small amount. Even the subscription for trade unions is Rs. 2.

[Shri Shridhar Wasudeo Dhabe]

Secondly, Sir, I could not understand why it is necessary to come before the House everytime. Now, it is for inclusion in the limestone certain categories. My friend has just now mentioned that if silica-sand and other minerals are not covered here, they would not get the benefit. Under the Minimum Wages Act, there is a provision that by notification the Government can extend the Act in the Schedule of employment. Under the Welfare Act also, there should be a provision that by notification you will be able to extend the provisions of the Act. And it is not necessary to come before the House every time for getting an amendment to the definition of limestone. Otherwise, such anomalies remain and it is not possible to cover every type of minerals under the Act. And then every time the delay takes place. Therefore, my suggestion to the hon. Minister is to bring forward a comprehensive Bill and to take powrs so that by notification itself they can extend the Act.

Sir, two principles which have been involved in this Bill are dangerous. When the inspectors job is to inspect, why does it become necessary for the Labour Welfare Commission to go for inspections? Is it because you have got inadequate staff ? Then you appoint more inspectors. It is not the job of the highest authority, the Labour Welfare Commissioner to go for inspection. Then he will make only TA and DA and the inspectors will not be allowed to go for inspections. It is absolutely against the principle which we evolved for the labour welfare and administration of labour welfare fund. It is a retrogressive provision. Then, Sir, something strange has been added in clause 5, Section 7A: "An Advisory Committee or the Central Advisory Committee may, at any time and for such period as it thinks fit, co-opt any person or persons to the Committee." No qualifications are prescribed. I can understand the representation of the employers and the employees. The complaint is not that the labour is not represented. The complaint is that the labour reperesentatives should be properly elected by the workers. Their real representatives should be there on the Advisory Board. Here, any person, any political person or persons can be appointed and no qualifications are necessary. There is no question of any assurance by the Minister. His assurance will not be kept up by his successors. Therefore, Clause 5, Section 7A is a radical departure from the tripartite nature of the welfare advisory committees that are functioning in our country. And this provision certainly cannot be accepted. You say 'any person or persons'. How many ? If there are representatives of six from the employers and six from the employees, you add three or four more and make it a majority. The very scheme is that it should be a balanced committee. I do not understand the purpose of this clause. And the only rider they have said is that these persons shall not be entitled to vote. When the Government nominees are there, they are bound to influenee the decision-making power of the committee and the very concept of labour and employees coming together in the matter of management has been given a good-bye. Sir, I would like to know from the hon. Minister whether he has got any idea of the extent of the problem. My friends have stated that there are no proper housing facilities, medical facilities and other benefits. It is not only under the Central Government but in my State it is run by the Maharashtra State Mining Corporation. In the Vidharbha area there are large areas where there are limestone and dolomite mines where the workers have not even

got the safety measures. The DGMS is not taking steps in this direction and the Mining Officer at the Bhandara mines is not a qualified first class engineer which is required under the Mines Act. But because there is a State Miring Corporation and the DGMS being under the Central Act, they are not taking steps for the safety of workers and so many accidents are taking place not only in Nagpur but in other places and Sholapur. If the employer is a State sector organisation what steps is the Government taking for the enforcement of labour welfare measures by the State Mining Corporations. I know that today's position is that in every State they have got the State Mining Corporations, apart from the Central Mining Corporation. Therefore, how are they going to cover the State Mining Corportions under this Act and how are the welfare measures going to be given effect to?

Last, but not the least, it is very unfortunate that the Government is adding and multiplying the expenditure. There are separate welfare commissioners' boards for mica, for manganese, for coal, etc. The officers are multiplying. Why is it not possible to have one single agency for all these? Such a small context amount is there. If you have got a single welfare commissioners' agency to administer all the mines, not only will the resources be pooled together but it will also reduce the number of officers who are employed on all these different agencies. I would like to know from the Minister what is the percentage of expenditure incurred on the administrative side on these welfare boards and what is the total income from the welfare cess. Lastly, Sir, if you really think that you are working for the welfare of the workers and welfare cess is collected for them, why should not the Government spend on the officers? It should be expenditure charged on the Labour department. Why should the money be spent out of the welfare cess for the appointment of inspectors and commissioners. Therefore, if the Government accepts the responsibility of the welfare of labour they should themselves bear the expenditure of the welfare commissioner and inspectors so that the welfare cess is fully utilised for the objectives for which it is being collected. Then, Sir, twenty paise is a rediculous charge. You must at least have one rupee provided by the Act itself. The maximum is at least up to one rupee. You can raise this amount so that the welfare fund is properly available for the welfare activities of the workers. Under these circumstances it is not possible for me to support the Bill fully.

श्री धर्मवीर: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे कई माननीय सदस्यों ने माइंस लेबर के कल्याण के संबंध में लाये हुए विधेयक पर बड़े विस्तार से चर्चायें की हैं और बड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। उन सुझावों को हमने बहुत गम्भीरता से लिया है। मैं आपसे सिर्फ इतना निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो विधेयक लाया गया है, जैसा इस विधेयक में स्पष्ट है कि लाइम स्टोन और डोलोमाइट के अन्दर चूंकि कुछ ऐसे कलकेरियस डिपोजिट्स थे जो उसके अन्दर मजदूर काम करते थे, उनको जो श्रमिक कल्याण निधि से सहायता मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाती थी और जिस कारण कुछ लोग कोर्ट में चले गये थे। इसलिए इस विधेयक के जरिये उसकी परिधि की सीमा को बढ़ाया गया है ताकि उसमें जो लगभग 5 हजार मजदूर इससे वंचित रह जाते थे वे भी इससे लाभान्वित हो सकें।

5 P.M.

जहां तक इन श्रमिकों के कल्याण के विषय में आपने जो सुझाव दिये हैं लगभग सभी सम्मानित सदस्यों के सुझाव एक से ही हैं। माननीय जोसेफ साहब ने, माननीय श्री शिव चन्द्र झा जी ने, श्री खंडेलवाल जी ने, श्री राम नरेश कुशवाहा जी ने, राम लखन गुप्ता जी ने और धाबे जी ने, इधर से हमारे

[श्री धर्मवीर]

श्री रामानन्द यादव जी ने और श्री राम भगत पासवान जी ने जो आशंकाएं व्यक्त की हैं इन श्रमिकों के कल्याण के बारे में, जो श्रमिक निधि है उसका पूरा उपयोग नहीं होता । इस बारे में उन से निवेदन करना चाहता हूं कि इस फंड के द्वारा सिर्फ श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं ही लागू की जाती हैं । श्रमिकों के कल्याण की, उनकी सेफ्टी की सारी जिम्मेदारी माइन आनर्स की होती है ।

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE : What is the administrative expenditure, percentage, which is incurred from out of this Fund ?

श्री धर्मवीर: लेकिन सरकार ने भी अपना एक दायित्व समझा कि श्रमिकों के कल्याण के बारे में कोई अपनी तरफ से भी कुछ किया जाए क्योंकि हो सकता है उसमें कुछ कमियां हों । इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए लेबर वेलफेयर सेस की स्थापना की गई है । इसके अन्तर्गत जो उनको सुविधाएं दी जाती हैं वह मैं आपको बता दूं । जैसे कि माननीय सदस्यों ने बताया है उनको आवास की सुविधा, उनको शिक्षा की सुविधा, उनको स्वास्थ्य की सुविधा, उनको पानी की सुविधा, मनोरंजन की सुविधाएं, उनको उपलब्ध हो सकेंगी इसके बारे में यह कल्याण निधि का जो धन है इसका उपयोग किया जाता है । सारे देश के इन श्रमिकों के कल्याण के लिए पांच रीजन बनाए गये हैं जिसमें इलाहाबाद, बंगलौर, भीलवाड़ा (राजस्थान), भुवनेश्वर (उड़ीसा) और जबलपुर (मध्य प्रदेश) हैं। जहां-जहां अधिकतर यह खानें पाई जाती हैं वहां-वहां पर इन सुविधाओं के लिए यह हमारे वेलफेयर कमिश्नर और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है । वहां पर सारी योजनाएं लागू होती हैं । जहां तक उनका स्वास्थ्य का प्रश्न है, मान्यवर स्वास्थय सम्बन्धी देखरेख का जहां तक प्रश्न है इस प्रकार कई डिसपेंसरियां पूरे देश में हैं। आपके उत्तर प्रदेश में देहरादून में मोबाइल डिसपेन्सरी है । इस प्रकार से मिरजापुर में है, उधर रोहतास में है, भवनाथपुर डिस्ट्रिक्ट पलमाऊ में है, जिसके बारे में हमारे राम भगत पासवान जी ने विजिट किया । इसी प्रकार भीलवाड़ा, राजस्थान में डूंगरपुर डिस्ट्रिक्ट जूना गढ़ इसके इलावा राजस्थान में कोटा और संतलखेडी. इत्यादि में भी यह स्वास्थ्य सुविधाएं हैं । साथ ही साथ नागपुर में भी है । मेरे पास डिटेल बहुत ज्यादा है जिसमें हर जगह स्वास्थ्य की देखरेख के लिए व्यवस्था है . . .

श्रीमती सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): नागपुर में ?

(व्यवधान)

श्री धर्मवीर: डिस्ट्रिक नागपुर में नहीं है । इसी प्रकार जहां तक उनका प्रश्न है, नागपुर की आप रहने वाली हैं, स्वंय जानती होंगी कि वहां पर है कि नहीं । जहां तक उनकी शिक्षा की सुविधा का प्रश्न है हम उनको प्रोत्साहन के लिए प्रतिमास 10 रूपये से ले कर 75 रूपये तक की छात्रवृति का प्रबन्ध करते हैं, ताकि श्रमिकों के बच्चे जो हैं वे उच्च से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें । इसके इलावा जहां तक पानी की सुविधा का प्रश्न है उसके लिए हमारी इस वक्त जो 13 मौजूदा योजनाएं हैं उनके इलावा भी हम काम कर रहे हैं। इनमें जबलपुर में 3, इलाहाबाद में एक, बंगलौर में 3, उड़ीसा में 6 और इस प्रकार पीने के पानी की सुविधाएं देने के लिए ट्यूबवेल्ज का निर्माण हो रहा है । हम प्रयत्नशील हैं कि उनको पानी की कठिनाई न हो सके ।

जहां तक रहने की, आवास की सुविधा है, माननीय सदस्यों में यह हो सकता है कि इस बात का दुख हो कि हम सबको तो मकान की सुविधा नहीं दे पाये हैं। लेकिन हम प्रयास करते हैं कि अधिक से अधिक उनको सुविधा मिल सके और इसके लिए हमने बिल्ट युअर ओन होम के अंतर्गत उनको सबसिडी देते हैं 15 सौ रूपये की, अगर उनके पास अपना धन या जमीन हो तो वह उस सबसिडी को मिला करके अपना मकान बना सकते हैं . . **(व्यवधान)**

श्री प्यारेलाल खंडेलवाल: 15 सौ रुपये तो बहुत कम होते हैं आज की स्थिति में । वास्तव में 15 सौ में तो बंगलों में पर्दे भी नहीं आते हैं । इस 15 सौ को और बढ़ाया जाना चाहिए ।

श्री धर्मवीर: मैंने पहले ही निवेदन किया था कि जो सुविधाएं हैं वह अपर्याप्त हो सकती है, इसमें कोई दो राय नहीं है और इसी लिए मान्यवर, मैंने कहा कि यह जो कमेटी बनायी गयी है जिसके बारे में माननीय सदस्य ने ध्यान आकर्षित किया कि सात आठ साल बाद अब कमेटी बुलायी गयी है। पिछले जनवरी 82 में इसकी कमेटी बुलाई गयी थी और आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि अगले 8 नवम्बर को मैंने इसकी मीटिंग बुलाई है और मैं चाहूंगा कि जितने माननीय सदस्यों ने अपनी भावनाएं यहां व्यक्त की हैं, सुझाव दिये हैं उनको देखते हुए, उस कमेटी के माध्यम से अधिक तेजी के साथ श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा सके।

श्री श्रीधर वासुदेव धावे: कितने मकान बने हैं यह तो बता दीजिए।

श्री धर्मवीर: इस वक्त मेरे पास इसका डीटेल नहीं है कि कितने मकान बने हैं। लेकिन जो नीति है उस नीति के अनुसार हमने आपको बता दिया कि हम 75 प्रतिशत सहायता एक तरह से देते हैं, दूसरा सब्सिडी के रूप में 15 सौ रुपये देते हैं। यह इस प्रकार प्रोत्साहन स्वरूप उनको दे रहे हैं। कितने मकान बने हैं इसकी सूचना मेरे पास इस वक्त नहीं है मैं माननीय सदस्य को इसकी जानकारी करा दूंगा।

साथ ही साथ कुछ माननीय सदस्यों ने मनोरंजन के बारे में कहा। मनोरंजन के बारे में हम जानते हैं कि जीवन का यह अनिवार्य अंग है। इसमें भी श्रमिकों के मनोरंजन के लिए मोबाइल सिनेमा यूनिट की व्यवस्था की गयी है। श्रीमन्, जानकारी के लिए मैं बता दूंगा कि जबलपुर में एक है, भुवनेश्वर में एक, इलाहाबाद रीजन में चार बंगलौर में तीन है। इसी प्रकार पुरी और उड़ीसा आदि में हालीडे होम्स बनाये गये हैं जहां कि श्रमिक जाकर ठहर सकते हैं . . . (व्यवधान)

श्री श्रीधर वासुदेव धावे: महाराष्ट्र में एक भी नहीं है।

श्री धर्मवीर: इसकी सूचना मेरे पास नहीं है लेकिन ऐसा नहीं है कि न हो . . . (व्यवधान) दूसरी तरफ माननीय सदस्य श्री शिव चन्द्र झा और धावे जी ने इस पर बड़ा जोर दिया है कि 25 पैसा रेट बहुत कम है। उनकी जो शंका है उसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि एक निश्चित नीति के आधार पर इन पर सेस लागू किया जाता है। लेकिन इस रेट को रिवाइज करने के लिए हम अलग से आपके पास आयेंगे कि इसके रेट को इतना रिवाइज किया जाय। क्योंकि एक जगह लगने के बाद तमाम और जो खानों में सेस लगाया जाता है उन पर भी प्रभाव पड़ता है। तो सब के बारे में आज बढ़ती हुई मंहगाई को देखते हुए इसके रेट को बढ़ाने के विषय पर एक कमेटी द्वारा विचार करने के बाद शासन कोई प्रस्ताव आपके सामने लायेगा, अगर वह हमारी नीति के अन्दर आ जाता है ताकि और जितनी यूनिट्स हैं और जितनी माइंस हैं उन पर भी उसका अच्छा प्रभाव पड़ सके।

श्री शिव चन्द्र झा जी ने तमाम जो मजदूरों के श्रमिकों के कल्याण के नियम हैं कानून हैं उन पर शंका की कि वे लागू होते हैं कि नहीं हैं तो श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि इन नियमों का इम्पलीमेंन्टेशन करने का बहुत बड़ा दायित्व राज्य सरकारों पर होता है। राज्य सरकारों के माध्यम से हम उनको लागू कर पाते हैं। जहां तक एक माननीय सदस्य ने बात कही थी कि प्राविडेंट फण्ड का नियम उन पर लागू है कि नहीं तो मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि प्राविडेंट फण्ड का प्रावधान इन श्रेणियों के लिए है। यह उन पर अप्लीकेबल होता है। अब वह इम्पलीमेन्ट हो रहा है कि नहीं इसके लिए जैसा मैंने कहा कि वह एक दूसरा विषय है जिस पर फिर से विचार करेंगी। लेकिन यह नियम उन पर भी लागू होता है। . . . (व्यवधान) वह सारा एक्ट है। जहां तक इसके एकाउंटस के आडिट का प्रश्न है, हमारे माननीय सदस्यों ने कहा और मैं कहना चाहता हूं कि यह बैंक ड्राफ्ट के रूप में वैलफेयर कमिश्नर, वैलफेयर डिपार्टमेंट को तुरन्त ट्रांसफर हो जाता है और इसके बाद उसके एक-एक पैसे का आडिए जो फाइनेंशल डिसिपलिन के अन्दर जो चीजें आती हैं, उसके अन्दर

[श्री धर्मवीर]

होता है, इतना मैं आपको विश्वास दिलाता हूं।

अब टी. बी. अस्पताल के लिए मेरे पास फिगर्ज नहीं, पर हमारी 839 डिसपेन्सरीज हैं और जिस मजदूर को टी. बी. का रोग हो जाता है, उनके लिए टी. बी. अस्पताल में बेड्स रिजर्व कर रखे हैं और जितने भी मजदूर जिनको तपेदिक की बीमारी होती है, उनकी चिकित्सा के लिए हम व्यवस्था करा देते हैं।

एक माननीय सदस्य: पूरी सुविधा उनके लिए ...

श्री धर्मवीर: हां, पूरी सुविधा उनको दी जाती है।

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE : I wanted to know about co-option.

श्री धर्मवीर: जहां तक को आप्शन सब कमेटी का सम्बन्ध है, श्रीमन्, इसमें दो प्रकार की कमेटियां होती हैं, एक तो केन्द्र की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी और दूसरी राज्य सरकारों की एडवाइजरी कमेटी होती है और जिस प्रकार से अन्य माइंस की वैलफेयर कमेटीज बनी हैं, माइका माइंस के तमाम, उनमें बराबर इनका प्रतिनिधित्व रहता है। ऐसा नहीं है कि इनमें मजदूरों का प्रतिनिधित्व नहीं रहता है। जैसा कि ट्रिपार्टाइट कमेटीज आपने कहा, जिस प्रकार अन्य कमेटियां हैं, उसी प्रकार से इन कमेटियों की भी रचना की जाती है और विशेष जो लोगों को को-आप्ट करने का अधिकार दे रहे हैं...

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE : That is, any person can be co-opted ?

श्री धर्मवीर: लेकिन ऐसा है कि एनी पर्सन के मतलब यह नहीं कि रास्ते चलते किसी पर्सन को को-आप्ट कर लें, लेकिन हमारा जो मंशा है, जो अन्य कमेटियों में भी है –

any person can be co-opted

लेकिन को-आप्ट उन्हीं को किया जाता है, जो उस विषय में दिलचस्पी रखते हों, या उस विषय के एक्सपर्ट्स हों, या जानकारी रखते हैं, ऐसे व्यक्तियों को ही को-आप्ट करते हैं और अगर ऐसे कोई सदस्य हैं जो हमारे ध्यान में लाइये क्योंकि जितनी और कमेटीज हैं, वह सारी मजदूरों के एक्सपर्टीज के भी इसमें मेम्बर्स होते हैं।

इसी प्रकार, श्रीमन्, मैंने प्रयास किया है कि सम्मानित सदस्यों ने जो सुझाव दिये हैं, या जो अपने विचार दिए गये हैं, उन को मैं सन्तुष्ट करने के लिए उत्तर दे सकूं और जैसा मैंने पहले भी निवेदन किया है, उनके सुझावों को हमने बड़ी गम्भीरता से लिया है और मैं उनके साथ सहयोग करता हूं कि श्रमिकों के कल्याण की जो योजनाएं हैं, वह और अधिक प्रभावकारी ढ़ग से लागू होनी चाहिए ताकि जो श्रमिक खानों में काम करते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर न पड़े, उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, चिकित्सा की सुविधा अच्छी हो, उनके रहन-सहन की व्यवस्था भी अच्छी हो, इस बारे में हम सतर्कशील हैं।

मुझे आशा है कि माननीय सदस्यों का समय-समय पर इस प्रकार से सहयोग मिलता रहेगा, तो हम निश्चित रूप से श्रमिकों के कल्याण के लिए अधिक से अधिक काम कर सकेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय झा जी से निवेदन करूंगा -- क्योंकि वे जानते हैं कि इस बिल को लाने में काफी विलम्ब हो चुका है और लोक सभा ने इसको पारित कर दिया है, तो वह अपने सिलेक्ट कमेटी को भेजने के प्रस्ताव को वापिस ले लें। हमने उनके सुझाव को बड़ी गम्भीरता से लिया है और उस पर हम अवश्य कार्यवाही करेंगे। आपको विश्वास में लेते हुए, उन भावनाओं का आदर करते हुए कि सब श्रमिकों का कल्याण हो, मैं चाहूंगा कि वह इस संशोधन को वापिस ले लें और इस बिल को जिस प्रकार से सामूहिक रूप से सभी ने इसका स्वागत किया है, इसका स्वागत करें।

श्री राम नरेश कुशवाहा: श्रीमन्, मैंने सिलिका सैंड के बारे में कहा था।

श्री धर्मवीर: माननीय श्री कुशवाहा जी ने सिलिका सैंड के बारे में कहा था। सिलिका

सैंड, या जो माइंस से आइटम्स निकलते हैं, उनको हम माइंस एक्सपर्ट के पास भेजते हैं और अगर वह सर्टिफाई कर देते हैं कि हां यह इसके अन्तर्गत आता है, तभी लेते हैं। सिलिका सैंड अभी इसमें नहीं है, लेकिन क्योंकि उसमें कैलकेरियस डिपाजिट होना आवश्यक है, जोकि लाइमसटोन के लिए एक आवश्यक तत्व है, अगर कैलकेरियस डिपाजिट उसमें नहीं मिलता, तो वह नहीं आ सकता।

लेकिन इसके लिए हम माइंस ब्यूरो को लिखेंगे कि सिलिका सैंड के लिए अपनी राय दें। अगर उसमें कैलकेरियस डिपाजिट हैं, तो उसको लेने में हमको कोई आपत्ति नहीं होगी।

श्री राम नरेश कुशवाहा: क्या वजह है कि सारी खानों को ले लिया और इलाहाबाद का सिलिका सैंड रह गया?

मैं यह जानना चाहता हूं कि आप उसके बारे में क्यों इतना प्रेम दर्शा रहे हैं?

श्री धर्मवीर: मैंने कहा कि अभी तक इस बात का स्पष्टीकरण नहीं था कि उसमें कैलकेरियस डिपाजिट है कि नहीं। यह उसमें एक प्रकार से शर्त है कि यदि कैलकेरियस डिपाजिट पाए जायेंगे, तभी इसमें आ पायेंगे।

मैंने आपको बताया है कि इसके लिए माइन्स ब्यूरो को लिखा जायेगा कि वे फिर से जांच करें। अगर उस में कैलकेरियस डिपोजिट पाया जायेगा तो उस को ले लिया जाएगा।

श्री राम नरेश कुशवाहा: वह कब तक होगा?

उपसभाध्यक्ष (श्री लाडली मोहन निगम): अब मैं श्री शिव चन्द्र झा के संशोधन पर मत ले रहा हूं।

श्री शिव चन्द्र झा: उपसभाध्यक्ष महोदय, यह भी हमारे साथ में है। मंत्री महोदय ने बहुत आश्वासन दिए हैं, दिल से दिए हैं, इस लिए मैं इस को विदड्रा करता हूं।

श्री धर्मवीर: मैं शिव चन्द्र झा जी का आभारी हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LADLI MOHAN NIGAM): The question is :

"That leaves be granted to the Mover to withdraw his amendment."

The motion was adopted.

**The amendment was, by leave, withdrawn*

उपसभाध्यक्ष (श्री लाडली मोहन निगम): अब मैं श्री धर्मावीर जी के प्रस्ताव को मत के लिए रख रहा हूं।

The question is :

"That the Bill to amend the Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund Act, 1972 as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

उपसभाध्यक्ष (श्री लाडली मोहन निगम): अब मैं इस बिल पर धारावार मत लेना चाहता हूं —

Clauses 2 to 8 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री धर्मवीर: मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक पारित किया जाए।

The question was put and the motion was adopted.

---

*For the text of the amendment, *vide* cols. 254 supra.